Title: Need to release funds for construction of railway over-bridge in Shahbad block in Kurukshetra Parliamentary Constituency,Haryana. -- Laid

श्रीमती कैलाशो देवी (कुरूक्षेत्र) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र कुरूक्षेत्र के ब्लाक शाहबाद का रेलवे ओवर ब्रिज, जो कि पहले ही कई बार मंजूर हो चुका है, उसए केन्द्र सरकार शीघ्र बनवाए और राज्य सरकार को लिखे कि उसे सांसद अपने फंड से बनवा सकता है। यदि केन्द्र व राज्य सरकार धन देने में असमर्थ हैं तो मैं अपने सांसद निधि से बनवाने के लिए तैयार हूं क्योंकि 60 गांवों की समस्या है और यातायात कई-कई घंटों तक जाम रहता है।